नव भारत
राष्ट्रहित का प्रहरी
१९३४ से

# रायखेड़ी लूट का एक आरोपी गिरफ्तार

**77 लाख लूटे थे परिवार को बंधक बनाकर**

**55 लाख रुपए से अधिक का मशरूका बरामद**



नवभारत न्यूज

**सागर, 25 जनवरी. विदिशा जिले के गंजबासोदा स्थित ग्राम रायखेड़ी धाम में हथियारबंद बदमाशों ने एक परिवार को बंधक बनाकर 77 लाख की लूट की थी. राहतगढ़ पुलिस ने लूट के एक आरोपी को 55 लाख रुपए से अधिक के मशरूका के साथ गिरफ्तार किया है. तीन आरोपी फरार हो गए हैं.**

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार डायल-112 वाहन एक अन्य शिकायत को अटेंड कर वापस लौट रहा था. इसी दौरान रात्रि गश्त के समय स्टाफ को दो मोटरसाइकिलों पर सवार कुछ व्यक्ति संदिग्ध अवस्था में तेजी से भागते हुए दिखाई दिए. पुलिस वाहन को देखकर संदिग्ध व्यक्तियों ने मोटरसाइकिल की रफ्तार अचानक और अधिक कर दी, जिससे डायल-112 में तैनात सउनि. हरिनारायण दुबे एवं रात्रि गश्त अधिकारी सउनि. रामसिंह को गहरा संदेह हुआ था.

स्थिति की गंभीरता को भांपते हुए डायल-112 स्टाफ द्वारा तत्काल पीछा किया गया. तेज पीछा होने पर आरोपी अंधेरे का फायदा उठाकर भागने का प्रयास करने लगे. इसी दौरान एक मोटरसाइकिल पर पीछे बैठे व्यक्ति के पास से लूट एवं चोरी का माल सड़क पर गिर गया. पुलिस ने माल बरामद कर आरोपी को पकड़ लिया. पकड़े गए आरोपी से प्रारंभिक पूछताछ की गई. डायल-112 स्टाफ ने एसडीओपी राहतगढ़ योगेन्द्र सिंह भदौरिया एवं थाना प्रभारी राहतगढ़ निरीक्षक मुकेश सिंह ठाकुर को सूचना दी. पकड़े गए आरोपी ने पूछताछ में अपना नाम धनसिंह उर्फ छोटू पिता दशरथ पटेल, उम्र 21 वर्ष, निवासी सेमरा गोपालमन, थाना जैसीनगर बताया.

> आरोपी ने स्वीकार किया कि उसने अपने तीन अन्य साथियों के साथ ग्राम रायखेड़ी जिला विदिशा में हथियारों के बल पर घर में घुसकर घर में मौजूद लोगों के साथ मारपीट की भय का माहौल बनाया तथा नगद रुपये एवं सोने-चांदी के कीमती जेवरात लूट लिए. आरोपी के पास से एक प्लास्टिक की बोरी में रखी बाल्टी बरामद की गई, जिसमें से नगद राशि 5 लाख 58 हजार और सोने-चांदी के बहुमूल्य जेवरात बरामद किए गए, जिनकी वर्तमान बाजार मूल्य के अनुसार कुल कीमत लगभग 55 लाख आंकी गई है. घटना में शामिल अन्य तीन फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार विशेष पुलिस टीमें रवाना की गई हैं. संभावित ठिकानों पर दबिश दी जा रही है तथा शीघ्र ही उन्हें भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा.

# सरकार ने बदले टोल टैक्स के नियम

- अब 70 प्रतिशत तक की मिलेगी बंपर छूट
- राष्ट्रीय राजमार्ग शुल्क नियम 2008 में महत्वपूर्ण संशोधन

**नई दिल्ली, 25 जनवरी. राष्ट्रीय राजमार्गों पर सफर करने वाले यात्रियों के लिए अच्छी खबर है. सरकार ने टोल टैक्स के नियम बदले हैं. इसके तहत अब 70 प्रतिशत तक की छूट मिलेगी. एनएचआई के नए नियम के मुताबिक, दो लेन के राष्ट्रीय राजमार्गों के निर्माण के दौरान टोल टैक्स में 70 फीसदी की छूट देने का निर्णय लिया है. सड़क यात्री टोल टैक्स का सिर्फ 30 प्रतिशत भुगतान करेंगे.**

सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय द्वारा राष्ट्रीय राजमार्ग शुल्क नियम, 2008 में महत्वपूर्ण संशोधन किया गया है. इस नए नियम के तहत दो-लेन (पेव्ड शोल्डर सहित) वाले राष्ट्रीय राजमार्ग को चार-लेन या उससे अधिक चौड़ा करने के दौरान वहां से गुजरने वाले वाहन चालकों से पूरा टोल टैक्स नहीं लिया जाएगा. इसमें 70 फीसदी की बड़ी कटौती की गई है.




संशोधित नियमों के अनुसार, निर्माण कार्य शुरू होने की तारीख से लेकर परियोजना पूरा होने तक सड़क यात्रियों को तय टोल का केवल 30 प्रतिशत ही भुगतान करना होगा. यानी निर्माण के दौरान यात्रियों को टोल दरों में 70 प्रतिशत की सीधी छूट मिलेगी.

मालूम हो कि एनएचएआई हर साल टोल दरों में सात से 10 फीसदी की वृद्धि करता है. एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि यह संशोधन नए साल से लागू कर दिया गया है. सरकार ने इस बाबत अधिसूचना जारी कर दी है.

> **चार लेन के हाइवे पर 25 फीसदी की छूट**
>
> नए नियम के अनुसार, राजमार्ग के चार-लेन से छह या आठ-लेन बनने पर टोल टैक्स में 25 फीसदी की छूट दी जाएगी. यानी टोल टैक्स की तय दर का 75 फीसदी भुगतान करना होगा. इसके अलावा, टोल रोड की लागत पूरी होने पर टैक्स सिर्फ 40 प्रतिशत लेने का नियम पहले से है.

# मध्य प्रदेश को गुजरात से जोड़ने वाला हाइवे धंसा

**बड़वानी, 25 जनवरी. मध्यप्रदेश से गुजरात को जोड़ने वाले खंडवा-वड़ोदरा नेशनल हाइवे पर सड़क अचानक धंस गई. घटना बड़वानी जिले की है, जहां रविवार की सुबह बड़वानी से करीब 5 किलोमीटर दूर कसरावद गांव में नर्मदा नदी पर बने बड़े पुल से पहले की सड़क अचानक धंस गई.**

सड़क पर करीब 6 फीट का गड्ढा हो गया, जिसके कारण ट्रैफिक रुक गया. गनीमत रही कि जिस वक्त रोड धंसी उस वक्त कोई वाहन नहीं गुजर रहा था. करीब 3 घंटे की मशक्कत के बाद रोड को ठीक कर उस पर से ट्रैफिक शुरू करा दिया गया है. जिस सड़क पर गड्ढा हुआ वो खंडवा-वडोदरा नेशनल हाइवे 347 बी का हिस्सा है, जो कि मध्य प्रदेश को गुजरात से जोड़ता है. इससे दिनभर में करीब 10 हजार गाड़ियां गुजरती हैं.

**रोड पर 6 फीट का गड्ढा होने से लगा लंबा जाम**



# बांग्लादेश में एक और हिंदू युवक की हत्या

**ढाका, 25 जनवरी. बांग्लादेश में एक बार फिर एक हिंदू युवक की निर्मम तरीके से हत्या कर दी गई है. युवक की पहचान चंचल चंद्र भौमिक के रूप में हुई है, जो नरसिंहदी इलाके में एक गैराज में सो रहा था. उसी दौरान अज्ञात लोगों ने गैराज में पेट्रोल डालकर आग लगा दी, जिसमें जिंदा जलकर चंचल की दर्दनाक मौत हो गई.**



बता दें कि पिछले 40 दिनों में 10 हिंदुओं की हत्या हो चुकी है। चंचल चंद्र भौमिक कोमिला जिले के लक्ष्मीपुर गांव का निवासी था और अपने पिता की मौत के बाद घर चलाने की जिम्मेदारी उसी के कंधों पर थी. चंचल की मां बीमार रहती है और उसका एक भाई दिव्यांग है. वह बीते छह साल से नरसिंहदी में रूबल मियां नामक व्यक्ति के गैराज में काम करता था और नरसिंहदी में ही रहता था. चंचल काम खत्म करने के बाद गैराज में ही सो गया. तभी आग लगा दी.

आग लगाने के काफी देर बाद तक आरोपी वहां खड़ा रहा और जब उसे विश्वास हो गया कि चंचल की मौत हो गई है. तब वहां से गया. चंचल के परिवार ने भी हत्या का आरोप लगाया है. स्थानीय लोगों ने पहचान जाहिर न करने की शर्त पर आशंका जताई कि धार्मिक कारण से ही चंचल की हत्या की गई है. पहले दीपू चंद्र दास को मेमनसिंह में जलाकर मारा गया.

# बंगाल में बीजेपी ने की मेनिफेस्टो कमेटी का ऐलान

**कोलकाता, 25 जनवरी.** इस साल होने वाले बंगाल विधानसभा चुनावों से पहले भारतीय जनता पार्टी ने राज्य संकल्प पत्र समिति की घोषणा की है. पश्चिम बंगाल बीजेपी के अनुसार समिति में 11 सदस्य हैं, जिसमें पार्टी नेता तापस रॉय चेयरमैन हैं. विधायक डॉ. अशोक लाहिड़ी संयोजक हैं और विधायक अग्निमित्रा पॉल सह-संयोजक हैं. सदस्यों में डॉ. चित्तरंजन मंडल, सांसद मनोज टिग्गा, डॉ. स्वपन दासगुप्ता, शिशिर बाजोरिया, डॉ. अमलकांति राय, वैशाली डालमिया, डॉ. अनिर्बान गांगुली और वकील देबजीत सरकार शामिल हैं.

# मिनियापोलिस में अमेरिकी नागरिक की हत्या

**लॉस एंजेलिस, 25 जनवरी.** अमेरिका में मिनेसोटा के प्रमुख शहर मिनियापोलिस में संघीय अधिकारियों ने एक स्थानीय नागरिक की गोली मारकर हत्या कर दी. अधिकारिक सूत्रों ने कहा कि यह घटना शहर में चल रहे ट्रंप प्रशासन के अप्रवासन अभियान के दौरान हुई. घटना के बाद स्थानीय स्तर पर चल रहा विरोध और आक्रोश पहले से ज्यादा तेज हो गया है. अधिकारियों ने बताया कि मृतक की पहचान एलेक्स जेफरी प्रेट्टी के रूप में हुई है.

